**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 21-03-2006**
**Participants : Mehta Shri Alok Kumar**

an>

Title : Need to ensure proper implementation of various schemes in Muzaffarpur, Darbhanga, Samastipur and Madhubani districts of Bihar under NABARD.

**श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) :** उपाध्यक्ष महोदय, पिछड़े हुए बिहार के बारे में कई बार सदन में मामला उठ चुका है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक विशो योजना की तरफ आकृट कराना चाहूंगा। योजना आयोग ने बिहार के चार जिलों - समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर को एक विशा योजना के तहत क्रमशः मसाला, आम, मखाना और लीची की फसल उत्पादन, प्रशिक्षण एवं मूल्य संवर्धन इकाइयों को लगाने हेतु 134 करोड़ रूपए दिए थे। नाबार्ड द्वारा तीन वर्ों में इस योजना को पूरा किया जाना था। लगभग पौन दो वर्ा पूरे हो गए और इस क्षेत्र में बहुत मंथर गति से कार्य चल रहा है। मुझे ज्ञात हुआ है कि इस राशि को वापस किए जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। यदि ऐसा हुआ, तो बिहार और खासतौर से बाढ़ प्रभावित मिथिलांचल के साथ, वहां के गरीब किसानों और बेरोजगार नवयुवकों के साथ बहुत अन्याय होगा, क्योंकि उनके सपने इस योजना के साथ जुड़े हुए थे। अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि नाबार्ड द्वारा या किसी अन्य एफिशियन्ट एजेंसी द्वारा इस कार्य को समय सीमा के अन्दर, जन हित को दृटि में रखते हुए, लागू करा कर पूरा कराया जाए ताकि बाढ़ प्रभावित और अति पिछड़े इलाकों में विकास की ज्योति प्रज्जवलित हो सके और बेरोजगार नौजवानों को ि वकास करने का मौका मिल सके।